फोन/फैक्स नं0– 01375–224233
E-Mail dfobarkot@gmail.com
वन मित्र कॉल सेंटर– 9208008000

कार्यालय

प्रभागीय वनाधिकारी, अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट,

पंत्राक– 924 / 12–1 दिनांक,बड़कोट,अक्टूबर 08, 2015।

सेवा में,

वन संरक्षक,
यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

विषयः– जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत फुलधान नहर निर्माण हेतु 0.2695 है0 वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम–1980 के अन्तर्गत सिचाई खण्ड पुरोला का हस्तान्तिरण का प्रस्ताव।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–1070/12–1(1), दिनांक 07.10.2015।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा विषयगत नहर निर्माण के संबंध में लगाई गई आपत्तियों का निराकरण निम्न प्रकार किया गया जिसकी सूचना आनलाईन अपलोड कर हार्ड प्रति आपको प्रेषित की जा रही है।

बिन्दु संख्या 5– कार्ययोजना के अनुसार आवेदित भूमि किसाला कक्ष–2 एवं 3 ए के अन्तर्गत है जिसकी सूचना आनलाईन आपलोड कर दिया गया है।

बिन्दु संख्या 6– प्रश्नगत नहर निर्माण भू–वैज्ञानिक द्वारा दिये गये सुझाव के अनुसार सही है। तद्नुसार सूचना आलनाईन अपलोड कर दी गई है।

बिन्दु संख्या 7– प्रस्तावित मोटर मार्ग के स्थल से वन सीमा की दूरी 0.50 कि0मी0 है। जिसकी सूचना आनलाईन आपलोड कर दिया गया है।

बिन्दु संख्या 12– प्रस्तावित नहर में अभी तक कोई कार्य नही किया गया है। तद्नुसार सूचना आनलाईन आपलोड कर दिया गया है।

बिन्दु संख्या 13– प्रश्नगत नहर 1 है0 से कम होने के कारण क्षतिपूरक वृक्षारोपण नही किया जाना है। इसके ऐवज में रिक्त पडे स्थानों पर उचित प्रजातियों का वृक्षारोपण हेतु मु0 1.48 लाख एवं काटे जाने वाले वृक्षों के ऐवज में कम से कम 100 पौधों का रोपण हेतु 0.169 लाख का प्राक्कलन बनया गया है।

बिन्दु संख्या 14– (District Profile) में वर्ष 1980 से वर्तमान तक 91 मामलों में 135.1275 है0 वन भूमि गैर वानकी कार्य हेतु हस्तान्तरित की गई है। जिसके विरूद्ध सितम्बर–2015 तक आरक्षित वन भूमि में 34.27 है0 एवं सिविल भूमि में 190.35 है0 कुल 224.62 है0 का वृक्षारोपण किया गया है। उक्त सूचना आनलाईन अपलोड कर दिया गया है।

आपके कार्यालय पत्रांक–1894/12–1(क्षतिपूरक वृक्षारोपण), दिनांक 18.03.2015 के कम में इस कार्यालय के पत्रांक–210/12–1, दिनांक 29.07.2015 से प्रेषित सूचना के अनुसार बिन्दु संख्या 14 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण से संबन्धित सूचना भर दी गई है।

अतः प्रस्ताव ई0डी0एस0 के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाता है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डी0के0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट।